# GURU JAMBHESHWAR UNIVERSITY OF SCIENCE AND TECHNOLOGY

('A+' Grade NAAC Accredited State Govt. University)

## UNIVERSITY HEALTH CENTRE & NATIONAL SERVICE SCHEME

*Jointly organize*

# Dental & Eye Checkup Camp

DURGA
DR. SACHIN MITTAL'S
ADVANCED DENTISTRY
SUPER SPECIALITY DENTAL CLINIC

Dr. Sachin Mittal's™ Advanced Dentistry



Maan Eye Hospital
Camp Chowk, Hisar



**Dr. Sachin Mittal**
Oral & Maxilofacial Surgeon



**Dr. Mudita**
General Dentistry



**Dr. Nisha**
MDS Periodontics

Chief Guest
**Prof. Narsi Ram Bishnoi**
Vice Chancellor
GJUST, Hisar



**Dr. G.S. Maan**
Ex. Sr. Surgeon, Agnihotri/Eye Q Hospital, Hisar, Consultant, Vasan Eye Care Hospital, Madurai (TN)
Glaucoma Fellow, Aravind Eye Hospital, Madurai (TN) Regd. No. HN-18592



**Dr. Garima Maan**
Ex. Sr. Surgeon, Agnihotri/Eye Q Hospital, Hisar, Consultant, Vasan Eye Care Hospital, Madurai (TN)
IOL Fellow, Aravind Eye Hospital, Madurai (TN) Regd. No. HN-18773

DATE **29 August, 2025**  TIME **9:00 AM to 1:00 PM**

**University Health Centre, GJUST**

# जीजेयू में फ्री दांत व आंख चैकअप

हिसार | जीजेयू में हेल्थ सेंटर एवं राष्ट्रीय सेवा योजना के संयुक्त तत्वावधान में एक दिवसीय निःशुल्क दांत व आंख चेकअप शिविर लगाया गया। इसका शुभारंभ कुलपति प्रोफेसर नरसीराम बिश्नोई ने किया। डॉ. वंदना बिश्नोई विशिष्ट अतिथि रहीं। शिविर में 242 दांतों से संबंधित और 273 आंखों से संबंधित ओपीडी की गई।

PhotoGrid

# गुजवि के हेल्थ डिपार्टमेंट में डॉ. सचिन मित्तल एडवांस डेंटिस्ट्री टीम ने लगाया दंत जांच कैंप






-पाठकपक्ष न्यूज-

**हिसार, 30 अगस्त :** स्माइल फॉर यूथ कार्यक्रम के तहत डॉ सचिन मित्तल एडवांस डेंटिस्ट्री टीम ने गुरु जंभेश्वर यूनिवर्सिटी ऑफ साइंस एंड टेक्नोलोजी के हेल्थ डिपार्टमेंट में निशुल्क डेंटल चैकअप एवं जागरुकता कैंप लगाया। कैंप में डॉ सचिन मित्तल एडवांस डेंटिस्ट्री की टीम से डॉ नेहा अग्रवाल, डॉ मुदिता के बाहेती और अभिषेक पांडे ने बच्चों के दंत स्वास्थ्य की जांच की और उन्हें टुथब्रश करने का सही तरीका समझाया। गुजवि के वाइस चांसलर प्रो. नरसी राम बिश्नोई ने टीम का धन्यवाद किया। इस दौरान करीब 300 कर्मचारियों और बच्चों की मौखिक स्वास्थ्य की जांच की गई। 108 बच्चों के मौखिक स्वास्थ्य की जांच एआई डेंटल रोबोट मशीन द्वारा की गई। एआई डेंटल मशीन के द्वारा मुंह की जांच करके दंत समस्याओं से सम्बन्धित बीमारियों से अवगत कराया गया। उन्हें बताया गया कि इस टेक्नोलोजी से मुंह की हर मौखिक समस्या का समाधान किया जा सकता है और यह टेक्नोलोजी पूरी तरह से सुरक्षित व सुविधाजनक है। डॉ सचिन मित्तल ने बताया कि शिविर का उद्देश्य दंत स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता लाना है। वे पिछले काफी समय से अभियान चलाए हुए हैं जिसके तहत वे लोगों को जागरूक कर रहे है। उनका उद्देश्य लोगों को अपने दांतों के प्रति जागरूक करना है। भविष्य में भी ऐसे कैंप लगाए जाते रहेंगे।

PhotoGrid

# गुजवि में दांतों व आंखों का चैकअप कैंप कल

नभ-छोर न्यूज ▶▶| 28 अगस्त

**हिसार।** गुरु जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय में विश्वविद्यालय के हैल्थ सेंटर के सौजन्य से कल दांत व आंखों के चैकअप कैंप का आयोजन किया जाएगा। हैल्थ सेंटर परिसर में लगने वाले इस शिविर का उद्‌घाटन कुलपति प्रो. नरसीराम बिश्नोई करेंगे। कुलसचिव डॉ. विजय कुमार भी इस अवसर पर उपस्थित रहेंगे। विश्वविद्यालय की मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. सरीना ने बताया कि दांतों का चैकअप डॉ. सचिन मित्तल, डॉ. निशा एवं डॉ. मुदिता करेंगे। दांतों के चैकअप के लिए एआई रोबोट स्कैन तकनीक का प्रयोग किया जाएगा। आंखों का चैकअप मान आई हॉस्पिटल के डॉ. जीएस मान तथा डॉ. गरिमा मान करेंगे। कैंप का समय सुबह नौ बजे से दोपहर बाद एक बजे तक रहेगा।

PhotoGrid

# शिविर में 515 लोगों ने करवाई जांच

हिसार। गुरु जम्भेश्वर विश्वविद्यालय में हेल्थ सेंटर एवं राष्ट्रीय सेवा योजना के संयुक्त तत्वावधान से शुक्रवार को निशुल्क दांत व आंख चेकअप शिविर का शुभारंभ कुलपति प्रोफेसर नरसीराम बिश्नोई ने किया। डॉ. वंदना बिश्नोई विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं

डॉ. सरीना हसीजा ने बताया कि शिविर में 242 दांतों से संबंधित और 273 आंखों से संबंधित ओपीडी की गई। डॉ. जीएस मान, डॉ. गरिमा, डॉ. सचिन मित्तल, डॉ. मुदिता, डॉ. निशा ने जांच की। इस अवसर पर प्रो. संदीप राणा, प्रो. विनोद छोकर, प्रो. दलबीर, प्रो. सुजाता सांघी, प्रो. नीरज दिलबागी उपस्थित रहे। ब्यूरो

PhotoGrid


&
NATIONAL SERVICE SCHEME
Jointly organize
Dental & Eye Che kup Camp
DR. SACHIN MITTAL'S
SUPER SP DENTAL CLINIC
Eye Hospital